पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने श्री सुशील कुमार को उत्तर प्रदेश जल प्रबंधन और नियामक आयोग के अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण करायी

लखनऊः 24 अगस्त, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन के नीलकुसुम कक्ष में आयोजित सादे समारोह में श्री सुशील कुमार सेवानिवृत्त आई0ए0एस0 अधिकारी को उत्तर प्रदेश जल प्रबंधन और नियामक आयोग के अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण करायी।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री हेमन्त राव एवं विशेष सचिव डाॅ0 अशोक चन्द्र सहित श्री राजीव कुमार अध्यक्ष भू सम्पदा विनिमायक प्राधिकरण उत्तर प्रदेश, श्री रोहित नन्दन उपाध्यक्ष लोक सेवा अधिकरण उत्तर प्रदेश, श्री अरूण कुमार सिन्हा सदस्य उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग उत्तर प्रदेश, श्री राजीव कपूर अध्यक्ष प्रदेशीय औद्योगिक एवं निवेश कार्पोरेशन उत्तर प्रदेश, श्री टी0 वेंकटेश प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन उत्तर प्रदेश, श्रीमती अनिता वर्मा सिंह विशेष सचिव सिंचाई एवं जल प्रबंधन उत्तर प्रदेश, इं0 अजय कुमार सिंह प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश, अध्यक्ष श्री सुनील कुमार की पत्नी श्रीमती पूनम कुमारी एवं अन्य विशिष्टगण उपस्थित थे।

श्री सुशील कुमार 1982 बैच के उत्तर प्रदेश संवर्ग के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे हैं जो 30 अप्रैल 2018 को सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के पद से सेवानिवृत्त हुये हैं। श्री सुशील कुमार को उत्तर प्रदेश के साथ-साथ केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का अनुभव है। जलवायु परिवर्तन पर पेरिस में 2015 में हुए समझौते में भारत सरकार का पक्ष रखने में श्री सुशील कुमार ने विशेष योगदान दिया था। कार्यक्रम का संचालन प्रमुख सचिव सिंचाई श्री टी0 वेंकटेश ने किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (325/32)



मेरे द्वारा शपथ कराई गई
(राम नाईक)
राज्यपाल
उत्तर प्रदेश
राज भवन,
लखनऊ दिनांक 24 अगस्त, 2018